# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–20 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और बागपत समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कांवड़ यात्रा मार्ग का हवाई सर्वेक्षण करने के साथ ही कुछ स्थानों पर पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मेरठ में स्वयं सड़क पर उतरकर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की।

मेरठ में एक पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रियों अभिनंदन करते हुए कहा कि कुछ लोग कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हर कांवड़ संघ और हर शिवभक्त का कर्तव्य है कि वे ऐसे उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें बेनकाब करें और प्रशासन को तत्काल सूचना दें। पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और यात्रा पूरी होने के बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके पोस्टर सार्वजनिक किए जाएंगे। कांवड़ यात्रा को बदनाम करने वालों और यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**********

केंद्र सरकार ने कल से शुरु हो रहे संसद के मॉनसून सत्र के दौरान, संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

**सरकार की ओर से हम लोगों से सारा प्वाइंट्स नोट किए हैं। हमने ये रिक्वेस्ट किया है कि सदन अच्छे से चले। इसके लिए पक्ष और विपक्ष मिलकरके हमको काम करना होगा। आपस में कार्डिनेशन अच्छे तरह से रखना होगा।**

**********

वाराणसी में चल रहे दो दिवसीय युवा आध्यात्मिक चिंतन शिविर का समापन आज काशी घोषणा पत्र के विमोचन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के जनभागीदारी आंदोलन के आह्वान से प्रेरित होकर एक राष्ट्रव्यापी युवा नेतृत्व वाले सार्वजनिक अभियान की शुरूआत करने का संकल्प लिया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि यह अभियान निश्चित रूप से युवाओं के लिए फायदेमंद होगा। हिमाचल प्रदेश में इस अभियान को काफी गति प्रदान की गई है। जिससे काफी संख्या में युवा नशे की लत से बाहर आए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 तक जब भारत विकसित राष्ट्र होगा तो वह एक नशा मुक्त राष्ट्र भी होगा। उस समय आज के इस चिंतन शिविर का महत्व समझ में आएगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, केंद्रीय युवा एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

**********

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि सभी शैक्षिक संस्थानों ने छह हजार से अधिक जगहों पर संडे ऑन साइकिल के माध्यम से नशा मुक्त भारत का संदेश दिया है।

**आज सारे देश की सभी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 6000 से अधिक स्थानों पर संडे ऑन साइकिल करके नशा मुक्ति का संदेश दिया है। मोदी जी ने फिट इंडिया मूवमेंट चलाई। संडे ऑन साइकिल के द्वारा देश के युवा फिट रहें, देश के युवा स्वस्थ रहें, देश के युवा देश के लिए काम करें और समृद्ध भारत का निर्माण करें। इस लक्ष्य के साथ हर संडे ऑन साइकिल होती है।**

**********

त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू ने आज अयोध्या स्थित राम लला का दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर निर्माण का अवलोकन भी किया। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राम मंदिर का दर्शन बहुत ही अद्‌भुत रहा। राम मंदिर बनने से भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं।

**********

आज अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस है। यह दिवस 20 जुलाई 1969 को, चंद्रमा पर पहली बार किसी मनुष्य के कदम रखने की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष के चंद्र दिवस का विषय है–एक चंद्र, दृष्टि, एक भविष्य। यह दिवस चंद्रमा पर अनुसंधान में विश्व समुदाय की उपलब्धियों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों के शांतिपूर्ण उपयोग की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

**********

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज सुबह से रूक रूक कर हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। एक तरफ जहां लोगों को गर्मी से निजात मिली है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वाराणसी और प्रयागराज में गंगा के जल स्तर में हो रही लगातार बढ़ोत्तरी को देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वांचल में अगले दो दिनों तक कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है।

**********